# वित्त मंत्री ने बजट को लेकर की चर्चा

## आर्थिक मामलों के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी हुए शामिल

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ बजट पूर्व नौवें विचार-विमर्श की अध्यक्षता की. अगले 2026-27 के बजट के मद्देनजर हुई इस बैठक में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए.**




उल्लेखनीय है कि यह विचार-विमर्श वित्त मंत्रालय के अलग-अलग क्षेत्रों के साथ जुड़ने और यह पक्का करने की चल रही कोशिशों का हिस्सा है कि आने वाला बजट खास चुनौतियों और मौकों को समायोजित करे.

पिछला विचार-विमर्श स्टार्टअप्स, कैपिटल मार्केट्स, इकोनॉमिस्ट्स और बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएसएसआई) सेक्टर पर फोकस रहा है.

पर्यटन और आतिथ्य भारत के आर्थिक विकास में अहम योगदान देने वाले क्षेत्र हैं. पर्यटन को बढ़ावा देने की सरकार की कोशिशों से विकास बढ़ने और रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है.

बैठक में पर्यटन ढ़ांचे को बढ़ावा देने, इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों का समर्थन करने के तरीकों पर चर्चा होने की उम्मीद है.

## रीवा और इंदौर के बीच जल्द शुरू होगी उड़ान

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर.** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने अगले महीने से मध्य प्रदेश के रीवा और इंदौर के बीच उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है. एयरलाइंस ने बुधवार को बताया कि वह 22 दिसंबर से यह उड़ान शुरू करेगी. फिलहाल रीवा और इंदौर के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है.

इस मार्ग पर इंडिगो एटीआर विमानों का परिचालन करेगी. इसके लिए टिकटों की बिक्री शुरू हो गयी है. उड़ान संख्या 6ई 7363 पूर्वाह्न 11-30 बजे इंदौर से रवाना होकर दोपहर बाद 1-15 बजे रीवा पहुंचेगी. वापसी की उड़ान 6ई 7364 दोपहर बाद 1-35 बजे रीवा के उड़ान भरेगी और 3-25 बजे इंदौर में उतरेगी. रीवा अपने प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत और सफेद बाघों के लिए जाना जाता है.

# आईआरसीटीसी ने दुबई टूर पैकेज किया लॉन्च

**नई दिल्ली 20 नवंबर. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने विशेष अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज डैज़लिंग दुबई की घोषणा की है, जिसकी प्रस्थान तिथि 22 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है. यह प्रीमियम 4 रात / 5 दिन का पैकेज मुंबई, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर, दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु से यात्रा करने वाले 150 से अधिक यात्रियों के लिए तैयार किया गया है.**

रुप जनरल मैनेजर श्री गौरव झा ने बताया कि यह पैकेज 88,900 की आकर्षक प्रारंभिक कीमत पर उपलब्ध है, जिसे उत्कृष्ट मूल्य और सुविचारित यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है. यह पहल भारतीय यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली, सांस्कृतिक रूप से



समृद्ध और सुव्यवस्थित अंतरराष्ट्रीय यात्राएँ उपलब्ध कराने के प्रति आईआरसीटीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

यात्रा कार्यक्रम में बुर्ज खलीफा, डेजर्ट सफारी, दुबई फ्रेम, और मिरेकल गार्डन जैसी दुबई की प्रसिद्ध जगहों का भ्रमण शामिल है. इसके अलावा, यात्रियों को अबू धाबी की विशेष यात्रा भी कराई जाएगी, जिसमें बीएपीएस हिंदू मंदिर और शेख जायद ग्रैंड मस्जिद जैसे प्रमुख स्थलों का दर्शन कराया जाएगा.

**टूर पैकेज की प्रमुख विशेषताएं**

- भारतीय भोजन
- अनुभवी भारतीय टूर मैनेजर
- रिटर्न फ्लाइट्स
- आरामदायक 3-स्टार होटल आवास
- नॉर्मल वीज़ा शुल्क
- 70 वर्ष की आयु तक का ट्रैवल इंश्योरेंस

श्री झा ने यह भी बताया कि आईआरसीटीसी जल्द ही यूरोप, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया जैसे अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए भी बड़े समूहों के साथ ऐसे ही टूर पैकेज शुरू करने की योजना बना रहा है. आयआरसीटीसी के डैजलिंग दुबई टूर के साथ अपनी यादगार अंतरराष्ट्रीय यात्रा की शुरुआत करें.

# सऊदी अरब और अमेरिका के बीच हुआ समझौता



**दोहा, 20 नवंबर.सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह ने कहा है कि इस सप्ताह नये सौदों की घोषणा के बाद वर्ष 2025 में अमेरिका और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित अनुबंधों का मूल्य बढ़कर लगभग 575 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है.**

गौरतलब है कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान वहां एक निवेश मंच में हिस्सा लिया जिसमें दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों और कंपनियों ने भाग लिया. श्री अल-फलीह ने बुधवार को अल एखबारिया प्रसारक से कहा, सऊदी और अमेरिकी कंपनियों के बीच लगभग 267 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 242 नये समझौतों की घोषणा की गयी.

अब सऊदी और अमेरिका के बीच समझौतों का कुल मूल्य लगभग 575 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है जिसमें मई में सऊदी में हस्ताक्षरित 307 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के समझौते भी शामिल हैं. मंत्री के अनुसार, दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी समझौते पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सऊदी यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे,

# कलोल स्टेशन का तेजी से हो रहा है पुनर्विकास

## 40 फीट चौड़े फूट ओवर ब्रिज के निर्माण से यात्रियों की आवाजाही होगी और अधिक सुगम

**अहमदाबाद, 20 नवंबर. पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल के कलोल रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत तेज़ी से किया जा रहा है. लगभग 44.22 करोड़ की लागत से इस स्टेशन को आधुनिक, सुरक्षित, सुगम एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है.**

पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन भवन का उन्नयन, नया एंट्री गेट एवं पोर्च, भव्य फ़साड, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया तथा पार्किंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है. स्टेशन परिसर में सौंदर्यीकरण हेतु आकर्षक भित्तिचित्र भी लगाए जा रहे हैं. स्टेशन को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से 70



और 80 वर्ग फीट चौड़े दो नए एंट्री गेट तथा समान आकार के दो निकास द्वार विकसित किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की आवाजाही और अधिक सुविधाजनक होगी. इसके साथ ही लगभग 14,000 वर्ग फीट का विस्तृत स्टेशन भवन क्षेत्र आधुनिक मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है.

प्लेटफॉर्म पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लगभग 20,000 वर्ग फीट का कवर शेड तैयार किया जा रहा है, जबकि 2,370 वर्ग फीट का विशाल वेटिंग हॉल यात्रियों को आरामदायक वातावरण प्रदान करेगा. स्टेशन परिसर में वाहनों की पार्किंग क्षमता बढ़ाते हुए 18,750 वर्ग फीट में 55 चार पहिया एवं 110 दोपहिया वाहनों के लिए सुसंगठित पार्किंग विकसित की जा रही है. इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुरक्षित और सहज आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए लगभग 7,000 वर्ग फीट क्षेत्रफल का 40 फीट चौड़ा और 173 लंबा फूट ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है, जो शहर के दोनों छोर और सभी प्लेटफॉर्मों को जोड़ते हुए सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करेगा.

प्लेटफॉर्म विस्तार, कवर शेड और दूसरे प्रवेश द्वार के विकास का कार्य भी समानांतर रूप से किया जा रहा है. पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत कई प्रमुख कार्य पूर्ण हो चुके हैं. पुराने स्टेशन भवन को हटाने के बाद बुकिंग ऑफिस, वेटिंग हॉल एवं पैनल रूम को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है.

# प्रौद्योगिकी, नवाचार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग : पीयूष गोयल

**द्विपक्षीय वार्ता की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद**

**भारत-इजराइल के बीच बढ़ते रणनीतिक आर्थिक संबंधों को रेखांकित करती है**



**नई दिल्ली, 20 नवंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल गुरुवार से तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर इजरायल जायेंगे. इस दौरान उनके साथ 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इस यात्रा में व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की बातचीत के साथ-साथ भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चल रही द्विपक्षीय वार्ता की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किये जाने की उम्मीद है.**

मंत्रालय के अनुसार, गोयल इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं. इसमें व्यावसायिक दल की यात्रा का आयोजन स्टार्ट-अप इंडिया और उद्योग संगठनों सीआईआई, फिक्की तथा एसोचैम द्वारा किया जा रहा है. मंत्रालय ने कहा है कि श्री गोयल की यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को रेखांकित करती है. यह व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और निवेश के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

## सोना-चांदी के दाम में गिरावट

**नई दिल्ली, 20 नवंबर.** गुरुवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली. 24 कैरेट सोने का भाव 1,003रूपए घटकर 122,881 रूपए प्रति 10 ग्राम हो गया. इसी तरह 916 शुद्धता वाला 22 कैरेट सोना 919रूपए सस्ता होकर 112,559रूपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ. चांदी के भाव में भी 2,280 रूपए प्रति किलो की कमी दर्ज की गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, बुधवार 19 नवंबर को 22 कैरेट सोने का रेट 113,478 रूपए था, जो गुरुवार को गिरकर 112,559 रूपए तक आ गया.

# शेयर बाजार में छोटे स्टॉक निवेशकों के लिए उछाल

**नई दिल्ली, 20 नवंबर 2025= भारतीय शेयर बाजार में स्पाइस लाउंज फूड्स वर्क कंपनी के शेयर ने निवेशकों को हैरान कर दिया है. इस साल अब तक शेयर ने 585प्रतिशत की तेजी दिखाई है और गुरुवार को यह 65.53 प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया, जिससे एक नया रिकॉर्ड बन गया.**

शेयर लगातार सातवें दिन भी अपर सर्किट सीमा तक रहा, जो इसकी मजबूती और निवेशकों की आकर्षित होती हुई रूचि को दर्शाता है.

छोटे निवेशकों के लिए यह शेयर मल्टीबैगर साबित हुआ है. पिछले छह महीनों में इसकी कीमत में 264.26प्रतिशत की वृद्धि हुई है. सिर्फ पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन में ही शेयर में 21प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया. कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति, नए अधिग्रहण और तेजी से बढ़ते फूड सेक्टर में विस्तार ने इस रैली को गति दी है. विशेषज्ञों का मानना है कि स्पाइस लाउंज फूड्स वर्क के निवेशक अब बेहतर मुनाफा देख सकते हैं.

## जनवरी से जारी होगा 1600 नंबर सीरीज अपनाना

**नई दिल्ली, 20 नवंबर.** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड और पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा नियमित सभी संस्थानों के लिए अनिवार्य रूप से 1600 नंबर सीरीज अपनाने की समय सीमा तय कर दी है. सभी सार्वजनिक, निजी और विदेशी बैंकों के लिए यह समय सीमा 1 जनवरी 2026 तय की गयी है. वहीं, 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्ति वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को 01 फरवरी से अनिवार्य रूप से 1600 नंबर सीरीज को अपना होगा.

# विनिमय प्लेटफॉर्म को आरबीआई ने अनाधिकृत सूची में डाला

**मुंबई, 20 नवंबर. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा विनिमय के सात प्लेटफॉर्म को अनाधिकृत की सूची में डाल दिया है.**

केंद्रीय बैंक ने बुधवार को बताया कि उसने स्टारनेटएफएक्स.कॉम, कैपप्लेस.कॉम, मिरॉक्स.कॉम, फ्यूजनमार्केट्स. कॉम, ट्राइव. कॉम, एनएक्सजीमार्केट्स.कॉम और नॉर्डएफएक्स.कॉम को अनाधिकृत विदेशी मुद्रा विनिमय प्लेटफॉर्म की सूची में डाल दिया है. इसका मतलब है कि ये आरबीआई से मान्यता के बिना विदेशी मुद्रा विनिमय का कारोबार कर रहे हैं. इससे आम लोगों की वित्तीय सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है.

इन सात नये प्लेटफॉर्मों के शामिल होने के बाद अब देश में अनाधिकृत तौर पर विदेशी मुद्रा विनिमय का कारोबार करने वाले प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़कर 95 हो गयी है. यह पूरी सूची रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

## विदेशी बैंकों की शाखाओं के प्रस्ताव पर अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर.** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां अंतर विभागीय समन्वय समिति बैठक में विदेशी बैंकों की नयी शाखाएं खोलने के बारे में रिजर्व बैंक के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया.

वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार अंतर विभागीय समन्वय समिति ने देश में विदेशी बैंकों की शाखा, प्रतिनिधि कार्यालय और सहयोगी शाखाएं खोलने से सम्बंधित रिजर्व बैंक के प्रस्तावों पर विचार किया. इसके साथ ही, समिति ने ऐसे ही प्रबंधों के माध्यम से विदेश में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारतीय बैंकों के प्रस्तावों की भी समीक्षा की. समिति ने भारत में अपनी मौजूदा शाखा को दूसरी जगह ले जाने के लिए विदेशी बैंकों की अनुमति मांग पत्र की भी जांच की और उन पर भलीभांति सोच-विचार के बाद अपनी सिफारिशें कीं.



# परिवार-पार्टी पर खतरा देख एक्टिव हुए लालू

## विधायक दल की मीटिंग में चल दिया 'पैंतरा'

**पटना. लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार के दौरान अपने राजनीतिक करियर के चरम पर थे. लगभग दो दशकों तक उनका करिश्मा बरकरार रहा, लेकिन अब उन्हें अपनी पार्टी राजद, की बिगड़ती हालत देखने को मजबूर होना पड़ रहा है. जहां वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में राजद का नेतृत्व करते हैं, वहीं तेजस्वी यादव पार्टी के कामकाज को संभालते हैं.**



इस बीच बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार ने पार्टी और परिवार में कलह को जन्म दे दिया है. बेटी रोहिणी आचार्य और बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने खुलकर तेजस्वी पर निशाना साधा है और हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है. सोमवार को राजद विधायकों की एक बैठक में तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुना गया.

राजद विधायक दल की यह बैठक भी काफी हलचल भरी रही और कई मुद्दे उठे. तेजस्वी यादव भावुक हो गए और उन्होंने नेतृत्व छोड़ने की पेशकश की. तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर विधायक चाहते हैं कि मैं पद छोड़ दूं तो मैं ऐसा करने को तैयार हूं और किसी और को नेता चुना जा सकता है. इस बैठक के दौरान लालू यादव खुद आगे आए और विधायकों से तेजस्वी को नेता बने रहने के लिए मनाने का आग्रह किया.

**सभी विधायकों को दिया भरोसा**

लालू यादव ने नेताओं से कहा कि पारिवारिक विवाद एक आंतरिक मामला है और वह इसे सुलझा लेंगे. उन्होंने विधायकों से फिलहाल संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया. अब जब लालू यादव एक्टिव हुए हैं तो यह देखना अहम होगा कि क्या वो एक बार फिर सब कुछ पटरी पर लाएंगे. आपको बता दें कि कि बिहार चुनाव में हार ने राजद के भीतर की कलह को उजागर कर दिया है. तेजस्वी यादव की बहन रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव के करीबियों पर हमला बोला है. उन्होंने संजय यादव और रमीज नेमत खान पर हमला करते हुए दावा किया कि उन्होंने पार्टी और परिवार छोड़ने का फैसला कर लिया है. उन्होंने दावा किया कि संजय यादव और रमीज खान ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था.

# घुग्घुस नप चुनाव में राजनीतिक भूचाल

## 13 में से 7 नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

**मुंबई. घुग्घुस नगर परिषद चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामांकन आवेदन की जांच के बाद घुग्घुस की राजनीति में भारी उथल-पुथल मच गई है. मंगलवार, 18 नवंबर को हुई जांच में नगराध्यक्ष पद के लिए दाखिल 13 में से 7 नामांकन पत्र अवैध पाए गए हैं, जबकि 159 नगर सेवक उम्मीदवारों में से 23 अर्जियां अमान्य हो गई हैं.**

इस जांच प्रक्रिया से कई बड़े दलों को तगड़ा झटका लगा है और शहर में राजनीतिक तनाव चरम पर पहुंच गया है. सबसे बड़ा झटका कांग्रेस की नाराज शोभा ठाकरे को लगा है, जिन्होंने बागी होकर उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) गुट से नामांकन दाखिल किया था, जो छाननी में अमान्य घोषित हुआ.

**भाजपा के प्रमुख दावेदार नामंजूर-** भाजपा के प्रमुख उम्मीदवारों में पल्लवी सोदारी (प्रभाग क्रमांक 5) और गणेश पिंपलकर (प्रभाग क्रमांक 7) के नामांकन आवेदन भी अमान्य किए गए. भाजपा उम्मीदवारों के साथ-साथ अन्य शिंदे सेना, राष्ट्रवादी (अजित पवार गुट) और निर्दलीय (अपक्ष) उम्मीदवारों के भी कुल 23 नगर सेवक उम्मीदवारों के अर्ज नामंजूर हुए हैं. कांग्रेस की बागी शोभा ठाकरे (उबाठा) और भाजपा के दो उम्मीदवारों का नामांकन अमान्य हो गए हैं.

**बागियों पर टिकी सबकी निगाहें-** बड़ी संख्या में नामांकन अमान्य होने के कारण घुग्घुस की राजनीति में तनाव बढ़ गया है और बागी उम्मीदवारों पर दबाव बनाने के प्रयास शुरू हो गए हैं.

# पांडियन के नाम पर अब भी विवाद




**भुवनेश्वर. ओडिशा में पूर्व आईएएस अधिकारी वीके पांडियन ने राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है. पिछले साल बीजू जनता दल के चुनाव हारने के बाद पांडियन ने सक्रिय राजनीति से दूर होने की घोषणा की. लेकिन अभी तक बीजद की राजनीति में उनको लेकर विवाद चल रहे हैं.**

कहा जा रहा है कि परदे के पीछे से वे अब भी पार्टी की कमान संभाले हुए हैं और यह बात पार्टी के पुराने नेताओं को पसंद नहीं आ रही है. यहां तक कहा जा रहा है कि वे सही मौके का इंतजार कर रहे हैं. सही मौके पर वे और उनकी पत्नी सुजाता कार्तिकेयन आगे बढ़ कर बीजू जनता दल की कमान संभाल लेंगे.

तभी हाल में हुए नुआपाड़ा सीट के उपचुनाव में बीजद की हार के बहाने पांडियन को निशाना बनाया जा रहा है. कहा जा रहा है कि स्नेहांजिनी चूड़िया को पांडियन के कहने पर उम्मीदवार बनाया गया था और वे तीसरे स्थान पर पहुंच गईं. दूसरे स्थान पर कांग्रेस के घासीराम मांझी रहे. लेकिन भाजपा के जय ढोलकिया ने यह सीट 80 हजार के अंतर से जीती है. गौरतलब है कि ढोलकिया के पिता के निधन से यह सीट खाली हुई थी.

**विशेष** | भाजपा की नई प्लॉनिंग से अखिलेश यादव होंगे परेशान

# यूपी चुनाव 2027 में क्या पीडीए पर भारी पड़ेगा डब्ल्यूए?

**लखनऊ. बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से अब पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश पर फोकस बढ़ा दिया गया है. बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी की डब्ल्यू वाई यानी वीमेन-यूथ सेंट्रिक पॉलिटिक्स ने जबर्दस्त प्रभाव छोड़ा है. महिला आधारित योजनाओं का प्रभाव ऐसा रहा, तमाम जातीय समीकरण धराशायी हो गए.**

नीतीश कुमार सरकार ने महिलाओं के लिए जिस प्रकार से योजनाएं बनाईं, उसका प्रभाव वोटिंग प्रक्रिया के दौरान भी दिखा. महिलाएं लंबी-लंबी कतारों में वोट डालने पहुंचीं. एक बड़ा वर्ग नीतीश कुमार विरोध और सत्ता विरोधी लहर की बात करता रह गया और आधी आबादी ने पूरा खेल ही पलट दिया. अब यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार इस समीकरण को आधार बनाकर चुनावी साल में आगे बढ़ती दिख सकती है.




**बजट के बाद दिखना शुरू होगा असर-** यूपी में इस साल का बजट चुनावी बजट हो सकता है. इसमें सीधे तौर पर महिलाओं और युवाओं को फोकस में रखा जा सकता है. बिहार में लालू प्रसाद यादव के प्रभावी मुस्लिम-यादव (एमवाय) समीकरण को बीजेपी के वीमेन-यूथ यानी डब्ल्यू वाई समीकरण ने धराशायी कर दिया. कुछ इसी प्रकार का सामाजिक समीकरण समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव बनाते दिख रहे हैं. पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स के जरिए प्रदेश की राजनीतिक दिशा को बदलने की कोशिश चल रही है.

लोकसभा चुनाव में पीडीए पॉलिटिक्स कामयाब रही थी. हालांकि, लोकसभा चुनाव 2024 के बाद हुए उपचुनावों में यह अधिक प्रभावी नहीं दिखी. अखिलेश यादव इसके बावजूद अपने आजमाए पीडीए पॉलिटिक्स के साथ विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरने की योजना बना रहे हैं. इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इसकी काट अब बीजेपी वाई समीकरण से देने की तैयारी में है.

**कानून-व्यवस्था में बढ़त-** योगी सरकार ने साढ़े आठ साल से अधिक के शासनकाल में कानून व्यवस्था पर सबसे अधिक फोकस किया है. महिला अपराध के मामलों को लेकर सरकार संजीदा रही है. पिछले कुछ समय में महिलाओं के साथ जघन्य अपराध के मामलों में एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर की पॉलिसी ने बड़ा असर दिखाया है.

**युवा-महिलाओं को साधने की तैयारी**

योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव के बाद सफलतापूर्वक पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन और रिजल्ट जारी कर युवाओं को बड़ा संदेश दिया है. इसके अलावा लड़कियों और युवाओं को फोकस करती योजनाएं तैयार की जा रही हैं. विधानसभा चुनाव से पहले बजट 2026 में योगी सरकार रोजगार पर कोई बड़ा ऐलान कर सकती है. नौकरियों को लेकर पहले से ही योगी सरकार की ओर से घोषणाएं सामने आ रही हैं.